# दैनिक प्रेस विज्ञप्ति – 31 जुलाई 2021

## छत्तीसगढ़ में आज 38 हजार 644 सैम्पलों की हुई जांच
## प्रदेश की औसत पॉजिटिविटी दर 0.2 प्रतिशत

- आज 31 जुलाई की स्थिति में प्रदेश की पॉजिटिविटी दर 0.2 प्रतिशत है। आज प्रदेश भर में हुए 38 हजार 644 सैंपलों की जांच में से 102 व्यक्ति कोरोना संक्रमित पाए गए हैं।

## मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के तहत 18.39 लाख लोगों की जांच, पॉजिटिव पाए गए 10,930 मरीजों का इलाज
## बस्तर संभाग में मलेरिया पॉजिटिविटी दर 4.6 प्रतिशत से घटकर 0.86 प्रतिशत हुई

- मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग की टीम अब तक 4 लाख 8 हजार 266 घरों में पहुंचकर 18 लाख 38 हजार 607 लोगों की मलेरिया जांच कर चुकी है। इस दौरान पॉजिटिव पाए गए 10 हजार 930 मरीजों का मौके पर ही इलाज शुरू किया गया है। बस्तर संभाग के सातों जिलों में इस अभियान का चौथा चरण 15 जून से शुरू किया गया है। चौथे चरण में अब तक वहां 11 लाख से अधिक लोगों की मलेरिया जांच की गई है, जिनमें 9707 लोग पॉजिटिव पाए गए हैं। सरगुजा संभाग के पांचो जिलों में इस अभियान के दूसरे चरण तथा पहले चरण वाले नौ जिलों को मिलाकर 7 लाख 12 हजार 892 लोगों की मलेरिया जांच की गई है, जिनमें 1223 मलेरियाग्रस्त पाए गए हैं। इनमें से 215 मरीजों में मलेरिया के कोई लक्षण नहीं थे। बस्तर संभाग में भी बिना लक्षण वाले मलेरिया के 5053 मामले मिले हैं।

- बस्तर और सरगुजा संभाग में पूर्व में संचालित मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के अच्छे नतीजों को देखते हुए इस बार इसे प्रदेश के 21 जिलों में विस्तारित किया गया है। राज्य शासन के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग तथा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, छत्तीसगढ़ द्वारा संचालित इस अभियान के अंतर्गत 20 लाख 43 हजार से अधिक लोगों की मलेरिया जांच का लक्ष्य है। अभियान के दौरान मितानिनों एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की टीम घने जंगलों और पहाड़ों से घिरे बस्तर संभाग के पहुंचविहीन, दुर्गम एवं दूरस्थ इलाकों में घर-घर पहुंचकर 11 लाख 37 हजार से अधिक लोगों की जांच करेगी। वहीं 14 अन्य जिलों में करीब 9 लाख 6 हजार लोगों की मलेरिया जांच की जाएगी।
- बस्तर संभाग में अभियान के पहले, दूसरे और तीसरे चरण में पॉजिटिविटी दर क्रमशः 4.6 प्रतिशत, 1.27 प्रतिशत और 1.03 प्रतिशत रही थी, जो अभी वर्तमान में संचालित चौथे चरण में और घटकर 0.86 प्रतिशत पर आ गई है। अभियान के प्रभाव से वहां मलेरिया के मामलों में लगातार कमी आ रही है। चौथे चरण के दौरान अब तक पॉजिटिव पाए गए 48 प्रतिशत मरीजों में मलेरिया के लक्षण दिखाई दे रहे थे, जबकि 52 प्रतिशत में इसके कोई लक्षण नहीं थे।

- बस्तर संभाग में मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के चौथे चरण में स्वास्थ्य विभाग की टीम अब तक 2 लाख 33 हजार 049 घरों में पहुंचकर 11 लाख 25 हजार 715 लोगों की मलेरिया जांच कर चुकी है। इस दौरान पॉजिटिव पाए गए 9707 लोगों का तत्काल इलाज शुरू किया गया। अभियान के तहत अब तक बस्तर जिले में 1 लाख 44 हजार 441, बीजापुर में 2 लाख 07 हजार 847, दंतेवाड़ा में 2 लाख 40 हजार 445, कांकेर में 67 हजार 115, कोंडागांव में 59 हजार 841, सुकमा में 2 लाख 64 हजार 280 और नारायणपुर में 1 लाख 41 हजार 746 लोगों की जांच की जा चुकी है। इस दौरान बस्तर जिले में 1458, बीजापुर में 1455, दंतेवाड़ा में 1215, कांकेर में 537, कोंडागांव में 371, सुकमा में 1102 और नारायणपुर में 3569 लोग मलेरियाग्रस्त पाए गए।

- मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के दूसरे चरण वाले सरगुजा जिले में अब तक 66 हजार 749, सूरजपुर में 21 हजार 143, बलरामपुर-रामानुजगंज में 1 लाख 18 हजार 522, जशपुर में 98 हजार 311 और कोरिया में 65 हजार 930 लोगों की जांच की गई है। अभियान में पहली बार शामिल गरियाबंद जिले में अब तक 1 लाख 11 हजार 411, धमतरी में 71 हजार 753, कोरबा में 22 हजार 634, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 15 हजार 246, रायगढ़ में 31 हजार 635, मुंगेली में 4670, राजनांदगांव में 38 हजार 435, कबीरधाम में 22 हजार 458 तथा बालोद में 23 हजार 995 लोगों की मलेरिया जांच की गई है। इन जिलों में स्वास्थ्य विभाग की टीम अब तक 1 लाख 71 हजार घरों में पहुंचकर 7 लाख 12 हजार 892 लोगों की जांच कर चुकी है, जिनमें 1223 पॉजिटिव मरीज पाए गए हैं। इनमें सरगुजा के 8, बलरामपुर के 11, कोरिया के 21, जशपुर के 4, गरियाबंद के 481, धमतरी के 224, कोरबा व मुंगेली के 1-1, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही के 2, रायगढ़ के 20, राजनांदगांव के 309, कबीरधाम के 76 और बालोद जिले के 65 मरीज शामिल हैं।

# कोविड-19 की स्थिति (रात्रि 08:00 बजे तक)

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | पॉजिटिव प्रकरण | आज | 102 |
| | | कुल | 1002008 |
| 2 | अस्पताल से डिस्चार्ज | आज | 50 |
| | | कुल* | 168859 |
| 3 | होम आईसोलेशन से डिस्चार्ज | आज | 153 |
| | | कुल* | 817762 |
| 4 | कुल डिस्चार्ज (अस्पताल + होम आईसोलेशन) | आज | 203 |
| | | कुल | 986621 |
| 5 | वर्तमान में कुल सक्रिय | 1863 | |
| 6 | आज हुई मृत्यु कुल - 01 | कोविड-19 | 01 |
| | | को-मॉर्बिडिटी के साथ | 0 |

* पूर्व तिथि में हुए डिस्चार्ज की एन्ट्री अद्यतन होने से आज डिस्चार्च की कुल संख्या में वृद्धि हुई है।

उपरोक्त सारणी के संबंध में जिलेवार संख्यात्मक विवरण पृष्ठ क्रमांक 02 पर उपलब्ध है।

## टेस्टिंग की स्थिति

| |
|---|
| आज हुए कुल टेस्ट की संख्या 38,644 |

← मास्क पहनें, 2-गज की दूरी अपनाएं, साबुन से हाथ धोएं →

# छत्तीसगढ़ में COVID-19 की जिलेवार स्थिति दिनांक 31-07-2021

| क्र. | जिला | POSITIVE | | DISCHARGE (HOSPITAL) | | HOME ISOLATION COMPLETED | | TOTAL RECOVRED (DISCHARGE + HOME ISOLATION) | TOTAL ACTIVE CASES | DEATHS | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | TODAY | TOTAL | TODAY | TOTAL | TODAY | TOTAL | | | TODAY | TOTAL |
| 1 | दुर्ग | 1 | 96514 | 3 | 14541 | 8 | 80100 | 94641 | 81 | 1 | 1792 |
| 2 | राजनांदगांव | 2 | 56006 | 3 | 12703 | 0 | 42758 | 55461 | 32 | | 513 |
| 3 | बालोद | 3 | 27241 | 3 | 9272 | 0 | 17537 | 26809 | 37 | | 395 |
| 4 | बेमेतरा | 0 | 19940 | 1 | 3352 | 0 | 16347 | 19699 | 5 | | 236 |
| 5 | कबीरधाम | 0 | 22760 | 1 | 2374 | 2 | 20102 | 22476 | 17 | | 267 |
| 6 | रायपुर | 12 | 157678 | 10 | 30746 | 8 | 123679 | 154425 | 115 | | 3138 |
| 7 | धमतरी | 1 | 27160 | 1 | 2730 | 2 | 23835 | 26565 | 52 | | 543 |
| 8 | बलौदाबाज़ार | 9 | 42881 | 3 | 9005 | 7 | 33316 | 42321 | 90 | | 470 |
| 9 | महासमुंद | 2 | 31285 | 1 | 4038 | 5 | 26847 | 30885 | 38 | | 362 |
| 10 | गरियाबंद | 0 | 19651 | 0 | 3577 | 0 | 15839 | 19416 | 41 | | 194 |
| 11 | बिलासपुर | 3 | 65375 | 1 | 7365 | 8 | 56710 | 64075 | 96 | | 1204 |
| 12 | रायगढ़ | 7 | 62409 | 3 | 12686 | 9 | 48668 | 61354 | 79 | | 976 |
| 13 | कोरबा | 1 | 54505 | 1 | 4936 | 4 | 48928 | 53864 | 66 | | 575 |
| 14 | जांजगीर-चांपा | 9 | 57327 | 0 | 8035 | 7 | 48328 | 56363 | 139 | | 825 |
| 15 | मुंगेली | 1 | 23885 | 1 | 996 | 2 | 22694 | 23690 | 28 | | 167 |
| 16 | गौरेला-पेंड्रा-मरवाही | 1 | 12000 | 0 | 924 | 6 | 10896 | 11820 | 34 | | 146 |
| 17 | सरगुजा | 2 | 33614 | 0 | 4178 | 5 | 29125 | 33303 | 66 | | 245 |
| 18 | कोरिया | 4 | 26880 | 2 | 1773 | 2 | 24887 | 26660 | 45 | | 175 |
| 19 | सूरजपुर | 3 | 28985 | 0 | 2107 | 3 | 26618 | 28725 | 36 | | 224 |
| 20 | बलरामपुर | 3 | 20256 | 0 | 1523 | 1 | 18577 | 20100 | 39 | | 117 |
| 21 | जशपुर | 1 | 26838 | 0 | 4952 | 9 | 21581 | 26533 | 93 | | 212 |
| 22 | बस्तर | 6 | 20784 | 13 | 5496 | 8 | 14935 | 20431 | 165 | | 188 |
| 23 | कोंडागांव | 3 | 13041 | 0 | 1823 | 7 | 11072 | 12895 | 47 | | 99 |
| 24 | दंतेवाडा | 6 | 10721 | 0 | 4441 | 10 | 6201 | 10642 | 55 | | 24 |
| 25 | सुकमा | 4 | 7925 | 0 | 4374 | 12 | 3440 | 7814 | 93 | | 18 |
| 26 | कांकेर | 11 | 23415 | 1 | 3556 | 8 | 19505 | 23061 | 133 | | 221 |
| 27 | नारायणपुर | 1 | 3978 | 1 | 3184 | 1 | 749 | 3933 | 31 | | 14 |
| 28 | बीजापुर | 6 | 8205 | 1 | 3566 | 19 | 4488 | 8054 | 98 | | 53 |
| 0 | अन्य राज्य | 0 | 749 | 0 | 606 | 0 | 0 | 606 | 12 | | 131 |
| | महायोग | 102 | 1002008 | 50 | 168859 | 153 | 817762 | 986621 | 1863 | 1 | 13524 |

कोविड से संक्रमित व्यक्तियों के स्थाई निवास अनुसार प्रविष्टि किये जाने के फलस्वरूप, जिलेवार दर्ज कोविड मरीजों की संख्या में अंतर संभावित है।

मीडिया प्रभारी
राज्य कन्ट्रोल एण्ड कमांड सेंटर
(COVID19)



← मास्क पहनें, 2-गज की दूरी अपनाएं, साबुन से हाथ धोएं →

